# Greenlawns School - Worli

**Final Examination - 2016 -2017**

कक्षा :- छठीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 13/2/17 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग ( कुल अंक ४० )

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मेरा प्रिय खिलाड़ी

ii. पुस्तक की आत्मकथा

iii. अगर मैं पंछी होता ......

प्रश्न 2) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

एक विद्यार्थी ..... मंद बुद्धि होना ..... माता - पिता निराश ..... शिक्षक का समझाना ..... ध्यान न देना ..... निराश होकर चल पड़ना ..... मार्ग में कुआँ ..... स्त्रियों को पानी भरते देखना ..... कुएँ पर पत्थरों के गहरे निशान ..... स्त्रियों के कारण पूछना ..... रस्सी से निशान ...... बोध होना ..... अभ्यास में जुट जाना ..... बड़ा विद्वान बनना ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित अर्थग्रहण को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

बंगाल में मालदा शहर के बाहर एक बड़े बगीचे में एक तेरह - चौदह वर्ष का लड़का घूम रहा था । इतने में बशीर मुहम्मद नामक एक काबुली मुसाफिर अपने साज - सामान के साथ वहाँ आ पहुँचा । वह थोड़ी देर वहाँ ठहरा और जाते समय रुपयों एक थैली वहीं भूल गया । उस थैली में पाँच

---

इस प्रश्न पत्र के पृष्ठों की संख्या 6 है ।

हजार रुपये थे। उस लड़के ने उस थैली को देखते ही उठा लिया और यह जानकर कि उसमें बहुत रुपये हैं, उसने ईमानदारी बरती और रुपये उसके असली मालिक को देने का निश्चय किया।

उधर बशीर मुहम्मद जब कुछ दूर निकल गया, तब उसे रुपयों की थैली याद आयी। वह बहुत घबराया और बगीचे की ओर उलटे पाँव दौड़ा। बालक ने उसे चिन्तित देखकर पूछा - "क्या तुम्हारी कोई चीज़ खो गई है?" व्यापारी ने कहा - "मेरी रुपयों की थैली खो गई है। यदि रुपये न मिले तो मेरे मालिक का विश्वास मेरे ऊपर से उठ जायेगा और मुझे जेल जाना पड़ेगा।" बालक ने उसकी थैली दिखाते हुए कहा - "ये अपने रुपये लो।" बशीर मुहम्मद ने थैली खोलकर गिना तो उसमें एक भी रुपया कम नहीं था। फिर उसने बालक से पूछा - "तुमने इतने रुपयों के लालच को कैसे रोका?" बालक ने नम्रतापूर्वक कहा - "मैंने बचपन से ही यह सीखा है कि दूसरे के धन को मिट्टी के ढेले के समान तुच्छ समझकर कभी-भी चोरी नहीं करनी चाहिए।" बालक की बात सुनकर वह व्यापारी चकित हो गया और खुशी से उसको पाँच रुपये इनाम देने लगा। पर लड़के ने कहा - "मैंने आपके रुपये आप को वापस दे दिए, यह मेरा धर्म है।" उस लड़के की बात सुनकर बशीर ने उससे कहा - "मैं तुम्हें कभी नहीं भूल सकता। मैं प्रतिदिन यह प्रार्थना करूँगा कि प्रभु तुम्हें लंबी उम्र और सुख प्रदान करे।"

प्रश्न :-

i. किसको, कब और क्या मिला? सामान मिलने पर उसने क्या विचार किया? (2)

ii. बशीर मुहम्मद कौन था? वह कहाँ रुका था? वह कब और क्यों उलटे पाँव लौटा? (2)

iii. बालक ने बशीर से क्या पूछा तथा बशीर ने उसका क्या उत्तर दिया? (2)

iv. बशीर मुहम्मद ने बालक से कब और क्या प्रश्न पूछा? बालक ने उसे क्या उत्तर दिया? (2)

v. बालक ने क्या लेने से इन्कार किया और क्यों? बशीर मुहम्मद का दिल क्यों खुश हुआ और उसने क्या कहा? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक पर्यायवाची के दो शब्द लिखिए :- (1)

1. मृग 2. सेना

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. सौभाग्य 2. शांत

iii. भाववाचक संज्ञा लिखिए :- (1)

1. मीठा 2. पराया

iv. लिंग बदलिए :- (1)

1. देवर 2. धनवान

v. वचन बदलिए :- (1)

1. वधू 2. मछली

vi. लोकोक्ति का सिर्फ अर्थ लिखिए :- (1)

साँच को आँच नहीं

vii. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (3)

(कोई 2)

1. सिर आँखों पर बैठाना 2. लट्टू होना

3. नमक मिर्च लगाना

viii. अशुद्ध वाक्य शुद्ध कीजिए :- (1)

1. रसगुल्ले बड़े सुंदर थे।

ix. सिर्फ काल पहचानिए :- (1)

1. विराट कोहली बल्लेबाजी कर रहा था ।
2. बनीता नृत्य सीखने जाएगी ।

x. रेखांकित क्रियाविशेषण का सिर्फ भेद लिखिए :- (2)

1. सारी सब्जियाँ हाथोंहाथ बिक गई ।
2. मैं आसपास घूमने जा रहा हूँ ।
3. छोटा बच्चा थोड़ा - थोड़ा बोलने लगा है ।
4. दादाजी सुबह टहलते हैं ।

## विभाग - ब

## साहित्य - विभाग ( ऊँची उड़ान )

प्रश्न 5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (15)

i. लड़कों की टोली ने किसकी दुकान पर पत्थर फेंके थे और क्यों ?

ii. महादेवी जी ने जवाहरलाल नेहरु जी के व्यक्तित्व का वर्णन कैसे किया है ?

iii. हेडमास्टर मधुकुछि गाँव से लौटते हुए राह में किस दृश्य को देखकर दंग रह गए ।

iv. ' झाँसी की रानी ' का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

v. ' सूरदास जी ' ने अपने पद में कृष्ण के बाल्यकाल की क्रीडा को कैसे चित्रित किया है । समझाइए ।

प्रश्न 6) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (4)

i. महादेवी वर्मा की स्थानीय अभिभाविका कौन थी ?

ii. तपन किसको वश में करना चाहता था ?

iii. संतों ने अपनी वाणी से कौनसा संदेश दिया है ?

iv. रानी की सखियों के नाम लिखिए ।

प्रश्न 7) अ) किसने - किससे कहा :- (2)

i. " क्या बात है ! तुमने पैर ही तुड़वा लिया । "

ii. " किसी के यहाँ जाकर उपद्रव करना अच्छा नहीं होता । "

आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (2)

i. इस अपराध के कारण उसे .......... बेंत लगाई गई और क्षति - पूर्ति के रुप में उस पर .......... रुपए का जुर्माना किया गया ।

ii. चित्रा ने .......... को पाया , शिव से मिली .......... थी ।

प्रश्न 8) निम्नलिखित सत्य कथन पर (√) और असत्य कथन पर (×) निशान लगाकर वाक्य सही कीजिए :- (3)

i. लेफ्टिनेट वॉकर जख्मी होकर मैदान से भागा था ।

ii. चरित्रवान छात्र का विशेष पुरस्कार चौथे वर्ग के विद्यार्थी ' तपन कुमार श्रीवास्तव ' को मिला ।

iii. लेखिका रामशरण के समान मांसाहारी है ।

प्रश्न 9) अ) संदर्भसहित व्याख्या स्पष्ट कीजिए :- (2 + 2)

गुमी हुई आज़ादी की कीमत सबने पहचानी थी ,
दूर फ़िरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी ,
चमक उठी सन सत्तावन में
वह तलवार पुरानी थी ।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी ।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसीवाली रानी थी ।।

आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (2)

कानपुर के ...................................................... यही सहेली थी ।।

इ) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. गाथा
2. फ़रियाद
3. दाउ
4. दिलासा

" मधुकलश "

प्रश्न 10) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :- (6)

1. स्वामी ने दादी को अपनी टीम के बारे में क्या कहा ? समझाइए ।
2. लेखिका ने किस पर परोपकार किया और कैसे ? समझाइए ।

---------------- समाप्त ----------------